तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

# हरिभूमि जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 3 जुलाई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती



रामपुर में आकाशीय बिजली गिरने से 6 प्रवासी पक्षियों की मौत 2









## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** आगामी 3 दिसम्बर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उप संचालक, समाज कल्याण कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु नामांकन एवं आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर निर्धारित श्रेणियों में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम

**जांजगीर-चांपा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा के सेक्टर खिसोरा-34 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत एनरोलमेंट माह पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य शाला त्यागी बालिकाओं को पुनः विद्यालय से जोड़ना तथा बालिका शिक्षा के प्रति अभिभावकों एवं समुदाय को जागरूक करना था। कार्यक्रम में स्कूल चलो अभियान के तहत बालिकाओं को नियमित रूप से विद्यालय जाने के लिए प्रेरित किया गया।

### क्षेत्र में हुई बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा, गर्मी से मिली राहत

**जांजगीर-चांपा।** क्षेत्र में गुरूवार को हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली। बारिश शुरू होते ही तापमान में गिरावट दर्ज की गई और वातावरण में ठंडक घुल गई। बारिश के कारण किसानों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई दी। खेतों में नमी बढ़ने से खरीफ फसलों की बुवाई के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं। वहीं, शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बारिश का आनंद लेते नजर आए। हालांकि, तेज बारिश के कारण कुछ स्थानों पर जलभराव और यातायात प्रभावित हुआ। इसके बावजूद अधिकांश लोगों ने बारिश का स्वागत किया और इसे गर्मी से राहत दिलाने वाली सौगात बताया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

## भारतीय कुष्ठ निवारक कात्रेनगर आश्रम पहुंचे मुख्यमंत्री

# मानवता, सेवा और संवेदना का जीवंत केंद्र है सोठी आश्रम: विष्णुदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय कुष्ठ निवारक संघ आश्रम केवल एक सेवा संस्थान नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और समर्पण का जीवंत केंद्र है। यहां उपेक्षित और जरूरतमंद लोगों की गरिमा के साथ सेवा की जा रही है, जो समाज के लिए प्रेरणादायी है। ये बातें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कही।

वे गुरुवार 2 जुलाई को जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान सोठी स्थित भारतीय कुष्ठ निवारक संघ आश्रम पहुंचे थे। मुख्यमंत्री साय ने संस्था की सेवा, स्वास्थ्य एवं पुनर्वास गतिविधियों का अवलोकन किया। आश्रम प्रबंधन और आश्रमवासियों से मुलाकात के दौरान आश्रम प्रमुख सुधीर देव से संस्था की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली तथा सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने आश्रम परिसर स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। साथ ही संस्था के संस्थापक स्वर्गीय सदाशिव गोविंद कात्रे के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आश्रम के लिए उपलब्ध कराई गई नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इससे मरीजों और आश्रमवासियों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने आश्रम परिसर स्थित संत गुरु घासीदास चिकित्सालय का निरीक्षण कर ओपीडी, पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे कक्ष, आईसीयू और ऑपरेशन थियेटर सहित विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने धनवंतरी जनकल्याण समिति द्वारा संचालित निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग वाहन का भी अवलोकन किया और कहा कि समय पर जांच एवं उपचार गंभीर बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने आश्रमवासियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उन्हें उपहार भी भेंट किए। उन्होंने गौशाला में गौपूजन कर हरा चारा अर्पित किया तथा गौसेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथिगण।

### छह दशक से मानव सेवा में समर्पित है आश्रम

वर्ष 1962 में स्वर्गीय सदाशिव गोविंद कात्रे द्वारा स्थापित सोठी का भारतीय कुष्ठ निवारक संघ आश्रम पिछले छह दशकों से कुष्ठ रोगियों के उपचार, पुनर्वास और सम्मानजनक जीवन के लिए कार्य कर रहा है। संस्था में निःशुल्क उपचार, आवास, भोजन, स्वरोजगार प्रशिक्षण, आधुनिक कैंसर जांच सुविधा, संत गुरु घासीदास चिकित्सालय, जैविक खेती, गौसंवर्धन और ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य शिविर जैसी सेवाएं संचालित की जा रही हैं। वर्ष 2025 में संस्था को उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए राज्य स्तरीय यति यतनलाल सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### हसदेव नदी पर पुल, बिजली विभाग का सब डिवीजन कार्यालय और सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन की घोषणा

**बम्हनीडीह।** नवगठित नगर पंचायत बम्हनीडीह के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रथम जनप्रतिनिधियों के कंधों पर केवल एक नगर के विकास की नहीं, बल्कि एक नई कार्यसंस्कृति और जनविश्वास की नींव रखने की जिम्मेदारी है। उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभी पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें दायित्व सौंपा है, उसका प्रतिफल पारदर्शी प्रशासन, संवेदनशील कार्यशैली और विकास के रूप में दिखाई देना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बम्हनीडीह के विकास को नई गति देने वाली तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए दहिदा-बम्हनीडीह के बीच हसदेव नदी पर पुल निर्माण, बिजली विभाग का सब डिवीजन कार्यालय तथा सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल आधारभूत संरचनाओं का विस्तार करना नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन को अधिक सुगम, सुरक्षित और सुविधासंपन्न बनाना है। समारोह में कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भी संबोधित किया।



जिला भाजपा कार्यालय के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल सीएम तथा अन्य।

# मुख्यमंत्री ने सक्ती में जिला भाजपा कार्यालय की रखी नींव

## प्रदेश अध्यक्ष व वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

मुख्यमंत्री ने सक्ती में जिला भाजपा कार्यालय की नींव रखी। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष व वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भूमिपूजन कार्य किया गया।

ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के नवीन जिला कार्यालय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन का भूमिपूजन समारोह गुरुवार 2 जुलाई को जेठा में संपन्न हुआ। समारोह में प्रदेश एवं जिले के वरिष्ठ नेताओं तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने की। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, प्रदेश मंत्री विद्या सिदार, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, संभाग सह प्रभारी अभिषेक शुक्ला तथा जिला प्रभारी मनोज शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि भाजपा का नया जिला कार्यालय संगठन की मजबूती और जनसेवा का प्रभावी केंद्र बनेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यालय कार्यकर्ताओं का प्रेरणा केंद्र होता है। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने भूमिपूजन को भाजपा जिला सक्ती के लिए ऐतिहासिक क्षण बताते हुए इसे संगठन के विस्तार और कार्यकर्ताओं के समर्पण का प्रतीक बताया। समारोह के अंत में भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गवेल ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शासकीय कार्य में बाधा व मारपीट करने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने एवं मारपीट करने के मामले में चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बिर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किकिरदा का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सत्येंद्र कुमार कंवर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 जून को ग्राम पंचायत किकिरदा स्थित पटवारी कार्यालय में शासकीय कार्य के दौरान सदानंद जायसवाल उम्र 56 वर्ष, घनश्याम आदित्य उम्र 30 वर्ष, सोनू आदित्य उम्र 25 वर्ष एवं मनोज देवांगन उम्र 39 वर्ष कार्यालय में जबरन प्रवेश कर गए और शासकीय दस्तावेजों से छेड़छाड़ की तथा विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना बिर्रा में धारा 132, 121, 115(2), 332(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में त्वरित कार्यवाही करते हुए अरोपियों को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक विवेक सिंह का योगदान रहा।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**जांजगीर-चांपा।** अज्ञात कारणों से विवाहिता ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना चांपा थाना अंतर्गत ग्राम सिवनी की है। आंचल सिदार की शादी करीब दो वर्ष पहले सिवनी निवासी सपन सिदार उम्र 24 से हुई थी। दंपति का 11 माह का एक बच्चा भी है। आंचल अपने पति और जेठानी के साथ एक ही घर में रहती थी। पति सपन सिदार ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात आंचल अपने कमरे में गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। बाद में आंचल फांसी के फंदे पर लटकी मिली। घटना की सूचना पर चांपा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की।

# सड़क किनारे खड़े युवक को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बम्हनीडीह-बरगड़ी रोड पर एक युवक को तेज रफ्तार बाइक ने ऐसी टक्कर मारी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी बाइक चालक की तलाश में जुटी है।

इस संबंध में बम्हनीडीह पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरूवार 2 जुलाई की सुबह 10 बजे की है। चेक कुमार प्रधान सुबह करीब 10 बजे अपने दोस्तों मनोज कुमार धीवर और गौरीशंकर के साथ खपरीडीह में एक शादी समारोह में जाने के लिए घर से निकले थे। बताया जा रहा है कि शादी स्थल पहुंचने के बाद वह किसी कारणवश बरगड़ी रोड पर अपनी बाइक के पास खड़े थे। तभी तेज रफ्तार से आए एक बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इतना भीषण था कि चेक कुमार प्रधान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सीसीटीवी फुटेज में युवक अपनी बाइक की ओर पैदल जाते हुए दिखाई दे रहा है, तभी तेज रफ्तार बाइक उसे टक्कर मारती नजर आती है। परिजनों का आरोप है कि सीसीटीवी में दिखाई दे रहा वही बाइक सवार हादसे का जिम्मेदार है। मृतक अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था और मूर्ति बनाने का काम करता था। उसके पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चे हैं, जिनके सामने अब रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। फिलहाल बम्हनीडीह पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है, वहीं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार बाइक चालक की तलाश जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



घटना स्थल पर पड़ा युवक का शव।

# डोंगाकोहरौद में सड़क निर्माण की मांग को लेकर व्यापारी देंगे अपना समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

डोंगाकोहरौद के ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण की मांग को लेकर 3 जुलाई को प्रस्तावित आंदोलन को अब पामगढ़ के व्यापारियों का भी समर्थन मिल गया है। पामगढ़ व्यापारी संघ ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि ग्रामीणों की जनहित की मांग के समर्थन में 3 जुलाई को नगर के सभी व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठान स्वेच्छा से एक दिन के लिए बंद रखेंगे।

व्यापारी संघ का कहना है कि लंबे समय से क्षेत्र के ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। सड़क की खराब स्थिति के कारण आम नागरिकों, किसानों, विद्यार्थियों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह केवल किसी एक गांव का नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास और जनसुविधा से जुड़ा मुद्दा है। बैठक में व्यापारियों ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सड़क निर्माण अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीणों की मांग पूरी तरह जनहित से जुड़ी हुई है, इसलिए व्यापारी वर्ग भी उनके संघर्ष में सहभागी बन रहा है। संघ ने सभी व्यापारियों से स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर आंदोलन को समर्थन देने की अपील की है। व्यापारी संघ ने स्पष्ट किया है कि आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेडिकल स्टोर तथा अन्य आवश्यक आपातकालीन सेवाओं को बंद से मुक्त रखा जाएगा।



## बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने वीसी के माध्यम से अधिकारियों की ली बैठक

# फरार आरोपियों की धरपकड़ एवं लंबित प्रकरणों का त्वरित करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने वीसी के माध्यम से पुलिस कप्तानों की बैठक ली। इस बीच फरार आरोपियों की धरपकड़ एवं लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में जांजगीर एवं सक्ती जि के पुलिस कप्तान भी शाामिल हुए।

ज्ञात हो कि गुरूवार 2 जुलाई को बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने रेंज के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षकों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली गई। मीटिंग का आयोजन रेंज पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में किया गया। पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज राम गोपाल गर्ग के द्वारा रेंज के सभी जिलों में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधों की समीक्षा के लिए आयोजित की जाने वाली साप्ताहिक बैठकों की श्रृंखला में, धारा 173(8) सीआरपीसी 193(9) बीएनएसएस तथा फरारी में धारा 299 सीआरपीसी 335 बीएनएसएस के तहत पेश किये गये चालानो और उन अपराधियों से संबंधित रही जो अभी तक गिरफ्तार नहीं किये गये हैं। एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत धारा 173 (8) सीआरपीसी 193(9) बीएनएसस या 299 सीआरपीसी 335 बीएनएसएस के अंतर्गत लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा करते हुए पुलिस महानिरीक्षक ने जिलों को, ऐसे प्रत्येक प्रकरण के लिए ,जिनमें अपराधी गिरफ्तार नहीं किये गये हैं, उनके लिए कार्ययोजना बनाकर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिये, और ऐसे प्रकरण जिनमें आरोपी की फरारी के दौरान ही चालान पेश किया जा चुका है, उनमें वारंट जारी कराने और उनकी तामीली सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश आईजीपी बिलासपुर रेंज के द्वारा दिये गये। ऐसे फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए, सभी पुलिस अधीक्षकों को बिंदुवार विशेष गाइडलाइन जारी की है। केंद्रीय एजेंसियों से साझा होगी जानकारी, फरार आरोपियों का पूरा ब्योरा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और संबंधित राज्य व जिले की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को अनिवार्य रूप से भेजा जाए। फरार अपराधियों के पैन कार्ड, बैंक अकाउंट, आधार कार्ड की जानकारी जुटाकर उनके वित्तीय लेन-देन पर रोक लगाई जाए। साथ ही, उनके मोबाइल और वाहनों से जुड़ी हर तकनीकी जानकारी एकत्र की जाए। नेटग्रिड से इनपुट प्राप्त कर पुलिस टीमों को विभिन्न स्थानों पर कैंप कराकर आरोपियों के संबंध में खुफिया जानकारी एकत्र करने के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व में गिरफ्तार हो चुके सह-आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ कर फरार आरोपियों के ठिकानों का पता लगाया जाए। आईजीपी रेंज ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मामलों की विवेचना सतत रूप से जारी रखी जाए। बैठक में जांजगीर एसपी विजय कुमार पाण्डेय एवं सक्ती एसपी प्रफुल्ल ठाकुर शामिल रहे।






## खबर संक्षेप

### लायंस इंटरनेशनल सम्मेलन में शामिल होंगे पीएमजेएफ जयप्रकाश, राजकुमार व दीपक




**कोरबा।** लायंस क्लब ऑफ़ कोरबा के पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन पीएमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल, लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव) और लायन दीपक अग्रवाल लायंस इंटरनेशनल के 107वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हांगकांग में शामिल होंगे। यह सम्मेलन 2 से 7 जुलाई आयोजित किया जाएगा, जिसमें दुनिया के 210 देशों से हजारों लायंस प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के बीच सेवा गतिविधियों, नेतृत्व विकास और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श होगा।

### शोभायात्रा निकालकर मनाया गया संत कबीर साहेब का 629वाँ प्राकट्य दिवस



**कोरबा।** छग प्रदेश मानिकपुरी पनिका समाज के तत्वावधान में पाली नगर में संत शिरोमणि सद्गुरु कबीर साहेब का 629वाँ प्राकट्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कबीर आश्रम से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख चौकों पौड़ी चौक, अटल चौक, बृहस्पति बाजार, पुराना बस स्टैंड, गांधी चौक से होते हुए वापस आश्रम पहुँची। हाथों में श्वेत ध्वज लिए श्रद्धालुओं के अनुशासित सैलाब, धुमाल की गूंज और पारंपरिक कर्मा नृत्य ने पूरे नगर को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं और युवा समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। आयोजन में प्रदेश महासचिव नानही दास दीवान, प्रदेश सचिव गोरेदास, प्रदेश सहसचिव सुश्री मनीषा दास, प्रदेश उपाध्यक्ष पवनदास, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव श्रीमती सुचित्रा मानिकपुरी, कोरबा जिलाध्यक्ष संतोष दास महंत सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम दास ने किया। ब्लॉक अध्यक्ष कंवल दास, श्रीमती प्रीति महंत, दिनेश दास, राजू महंत और श्रवण दास सहित समाज के अनेक सहयोगियों के सक्रिय योगदान रहा।

### कबीर साहेब की 628वीं प्रागट्य दिवस धूमधाम से मनाया गया



**बांकीमोंगरा।** सद्गुरु कबीर की 628 वीं प्रागट्य दिवस सद्गुरु कबीर सत्संग भवन रेस्ट हाउस परिसर में भारतीय मानिकपुरी (महंत) समाज एवं सद्गुरु कबीर साहेब पंथ अनुयायी परिवार के द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम के संरक्षक संचालक केडी महंत द्वारा सद्गुरु कबीर साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताये कि सद्गुरु कबीर साहेब एक शांति प्रिय क्रांतिकारी महापुरुष के रूप मे 120 वर्ष का पूरा उनका जीवन यही संदेश वाहक के रूप मे बिता। उन्होंने मानव को उच्च नीच, छोटा बड़ा, छुवाछुत की नजरिये को छोड़कर केवल मानवता की दृष्टि से ही देखने और ब्यवहार करने पर जोर दिए हैं। इस अवसर पर पवनदास महंत (अध्यक्ष) रामबिलास महंत, मोहन दास महंत, महेतरु दास महंत, आरती दास महंत, कवि महंत, लक्ष्मी दास महंत, राजकुमार चंद्रा, साधू राम साहू, चम्पा देवी, रतन बाई, सोनी महंत, अंजू महंत, दिलीप कुमारी, सुमिरन यादव, पूर्णिमा महंत, पूनम महंत, जुली महंत, सुमन महंत, किला महंत, जलवती महंत, माधुरी महंत उपस्थित रहे। इस मौके पर सात्विक चौका आरती महंत सुंदर दास, दीवान इंद्रपाल दास के द्वारा किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**
क्रमांक/703/वाचक / तह. / 2026
पामगढ़, दिनांक 30.6. 2026

प्रति,1 अंजनी कश्यप पिता शत्रुहन कश्यप 2 अंजू पिता शत्रुहन कश्यप 3 नीशु उर्फ दुर्गा पिता शत्रुहन कश्यप 4 धनंजय कश्यप पिता शत्रुहन कश्यप 5 कुन्ती बेवा शत्रुहन कश्यप जाति कुर्मी साकिन पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग.

विषयः-न्यायालय में उपस्थिति बाबत्।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202604063100066/अ-27/2025-26 पक्षकार चैतराम बनाम बैसाखू वगैरह साकिन पामगढ़ में आवेदक चैतराम पिता दीना जाति कुर्मी साकिन पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के द्वारा धारा 178 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक एवं अनावेदकगण के संयुक्त नाम पर ग्राम डोगाकोहरौद में खसरा नंबर 1821/1 रकबा 2.09 एकड़ भूमि अवस्थित है। आवेदक एवं अनावेदकगण का प्रश्नाधिन भूमि पर 1/2 हिस्सा विद्यमान है। आवेदक एवं अनावेदकगण के बीच 30-35 वर्ष पूर्व आपसी बटवारा हो गया है तथा आवेदक एवं अनावेदकगण का अपने-अपने हिस्से पर निर्विवाद रूप से कब्जा काश्त चला आ रहा है। प्रश्नाधिन भूमि से आवेदक का 1/2 के मान से खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 06/07/26 को नियत किया गया है। उक्त पेशी दिनांक को अनिवार्य रूप से आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे। अनुपस्थित होने की स्थिति मे आपके विरूध्द एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**तहसीलदार पामगढ़**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

# ग्रामीण अंचलों में अब होंगे जी रामजी योजना से काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मांगते ही रोजगार देने वाली महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना 30 जून से बंद होने के बाद 1 जुलाई से चालू हो गई जी रामजी योजना। ग्रामीण अधोसंरचना विकास के साथ शुरू हुई इस योजना में 125 दिन काम के बदले न्यूनतम 300 रुपए मजदूरी दी जाएगी। वहीं सिंचाई, सड़क निर्माण और जल संरक्षण के कार्यों को भी इसमें प्राथमिकता दी जाएगी।

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना ग्रामीण विकास की आधार रही है। इस योजना के तहत ग्रामों से आने वाले कार्यों के प्रस्ताव को 15 दिन के अंदर मंजूरी देकर लोगों को रोजगार देना प्रमुख उद्देश्य रहा है। प्रारंभ में 100 दिन के रोजगार देने के साथ योजना की शुरुआत हुई थी। धीरे धीरे बदलाव के साथ मजदूरी दर बढ़ाई और भुगतान भी जॉब कार्डधारियों के बैंक खाते में किया जाने लगा। लगभग 20 साल बाद मनरेगा 30 जून को बंद हो गई और 1 जुलाई से जी रामजी योजना लागू हो गई। पूर्णतः तकनीक आधारित इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों से जो भी कार्य पहुंचेंगे उनमें प्राथमिकता के आधार पर ही कार्यों की स्वीकृति दी जाएगी। 125 दिन रोजगार देने की गारंटी वाली योजना में 327 रुपए मजदूरी निर्धारित की गई है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक मजबूत आधार देने के लिए किया जा रहा है। पहले की तुलना में अधिक दिनों तक रोजगार देने की तैयारी की गई है।

### 125 दिन काम के बदले मिलेगी 300 रुपए प्रतिदिन मजदूरी

**खास बातें**

- सिंचाई, सड़क निर्माण और जल संरक्षण के काम होंगे प्राथमिकता से



**गांव स्तर पर तैयार होंगे रोडमैप**

ग्राम पंचायतों की बैठक में गांव के विकास को लेकर रोडमैप तैयार होंगे। योजना की सबसे बड़ी विशेषता विकास कार्यों की वैज्ञानिक एवं तकनीक आधार पर योजना बनाई जाएगी। जिसके तहत गांव में सेटेलाइट डेटा के साथ गांव पूर्ण अभिलेख इस योजना के प्रमुख आधार रहेंगे। जिसके आधार पर कार्य के विवरण तैयार किए जाएंगे और वहां से तैयार कर जिला पंचायत को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।

**इन कार्यों को मिलेगी प्राथमिकता**

गांव के विकास के लिए सभी तरह के कार्यों को शामिल किया जाएगा। लेकिन निर्माण कार्यों को प्राथमिता नहीं मिलेगी। जल संरक्षण के कार्य के साथ पहुंच मार्ग का निर्माण एवं गांव में सिंचाई साधनों के कार्यों को पहले प्राथमिकता दी जाएगी। किसी भी गांव से आने वाले कार्यों के प्रस्ताव में प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति मिलेगी। जिनमें सिंचाई, सड़क और जल संरक्षण के कार्य प्राथमिक रूप से शामिल हैं।

## लेट बाथ की रहेगी भवन में सुविधा

# नए लेआउट से तैयार किए जा रहे आंगनबाड़ी केन्द्र व स्कूल भवन



पुराने लेआउट से बना आंगनबाड़ी भवन।



नए लेआउट से बना भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आने वाले समय में आंगनबाड़ी केन्द्र के नए भवन एवं प्रायमरी स्कूल भवन के लिए नए लेआउट तैयार किया जा रहा है। इस नए लेआउट में शौचालय की सुविधा उपलब्ध रहेगी। पुराने लेआउट से बने भवन के निर्माण में कहीं भी शौचालय के निर्माण की सुविधा नहीं होने से अलग से निर्माण करना पड़ता था।

शासकीय भवनों के निर्माण को लेकर अब उनके लेआउट में बदलाव किया जा रहा है। कम जगह पर निर्माण को प्रमुखता दी जा रही है। वर्तमान में प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण पुराने लेआउट में किया गया है। इस लेआउट में प्रायमरी स्कूल में महज दो कमरे और एक बरामदे की सुविधा थी। एक प्रधान पाठक कक्ष भी शामिल था। इसी तरह आंगनबाड़ी भवन के पुराने लेआउट में छोटा बरामदा, एक कमरा और एक स्टोर रूम की सुविधा थी। छोटे बच्चों के लिए शौचालय तक की सुविधा आंगनबाड़ी केन्द्र में नहीं होने के कारण कार्यकर्ताओं सहायिकाओं को व्यवहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिले में 2601 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। जिसमें से 800 केन्द्रों के लिए नए भवन का निर्माण चल रहा है और इन नए भवनों का जो लेआउट तैयार हुआ है उसमें शौचालय की सुविधा उपलब्ध रहेगी। एक बड़े क्षेत्र में नए लेआउट के साथ बन रहे आंगनबाड़ी भवन में किचन, लैट बाथ, एक रूम और एक बरामदा का निर्माण हो रहा है।

इसी तरह प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भवन के लेआउट में 4 कमरे, एक बरामदा, एक प्रधान पाठक कक्ष की सुविधा दी जाएगी। हालांकि यह नए लेआउट में निर्माण अभी नहीं हो रहा है। जिले में जर्जर भवनों को डिस्मेंटल कर जिन स्कूल भवनों का निर्माण हो रहा है वह पुराने लेआउट से ही हो रहा है। जिसमें एक बार फिर बच्चों के बैठने की समस्या का सामना स्कूल प्रबंधन को करना पड़ेगा।

**खास बात**

- पुराने लेआउट में शौचालय निर्माण नहीं था शामिल

**सर्वशिक्षा अभियान में आया था नया लेआउट**

हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी के लिए भवन निर्माण का नया लेआउट सर्वशिक्षा अभियान के दौरान आया था। इसके तहत डबल मंजिला स्कूलों का निर्माण किया गया है। ये सभी सर्वसुविधायुक्त भवन बन रहे हैं। इस नए लेआउट से हाई स्कूल हायर सेकेंडरी को दो मंजिला भवन मिलने के कारण खेल मैदान के लिए अतिरिक्त जगह मिलने के साथ लाइब्रेरी व प्रयोगशाला कक्ष का निर्माण भी किया गया है। जबकि पुराने लेआउट में लाइब्रेरी कक्ष था ही नहीं और प्रयोगशाला कक्ष का निर्माण भी अलग से कराना पड़ता था। नए लेआउट के तहत ग्राम पंचायत लेमरू, ग्राम पंचायत भुलसीडीह सहित पाली आदि ब्लाक मुख्यालय में नए भवन का निर्माण किया गया है।

**अभी भी मंच पर बैठने की मजबूरी**

ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्कूल ऐसे हैं जहां दर्ज संख्या अधिक होने के कारण बच्चों को मंच पर बैठाया जाता है। कोरबा विकासखंड अंतर्गत कुदमुरा में प्राथमिक शाला में दर्ज संख्या अधिक होने के कारण मंच पर बैठाने की मजबूरी हो गई थी। 16 जून से स्कूल जरूर खुल गए हैं, लेकिन उपस्थिति एक जुलाई से ही बढ़ती है। ऐसी स्थिति में कुदमुरा प्राथमिक शाला में एक बार फिर बच्चों को मंच पर बैठाने की मजबूरी प्रबंधन के सामने आएगी।

# रामपुर में आकाशीय बिजली गिरने से 6 प्रवासी पक्षियों की मौत



आकाशीय बिजली से मृत पड़े प्रवासी पक्षी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

करतला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर में बुधवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से छह साइबेरियन पक्षियों की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में भय और चिंता का माहौल है तथा ग्रामीणों ने गांव में स्थापित तड़ित चालकों (लाइटनिंग अरेस्टर) की कार्यप्रणाली और प्रभावशीलता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

जानकारी के अनुसार, दोपहर लगभग 3:45 बजे मौसम अचानक करवट ली और तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरु हो गई। इसी दौरान गांव के दशहरा चौक के समीप स्थित एक विशाल इमली के पेड़ पर आकाशीय बिजली का जोरदार प्रहार हुआ। उस समय पेड़ पर बड़ी संख्या में पक्षी बैठे हुए थे, जिनमें से छह साइबेरियन पक्षी बिजली की चपेट में आकर मौके पर ही मृत हो गए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, संबंधित विभागों और पंचायत प्रतिनिधियों से मांग की है कि गांव में लगे सभी तड़ित चालकों का तत्काल तकनीकी परीक्षण कराया जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वे वर्तमान में सक्रिय और कार्यशील हैं या नहीं। ग्रामीणों का मानना है कि यदि उपकरण निष्क्रिय या खराब पाए जाते हैं, तो उन्हें तत्काल बदलकर आधुनिक और उच्च क्षमता वाले तड़ित चालक स्थापित किए जाने चाहिए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस घटना को गंभीरता से लेते हुए विशेषज्ञों की टीम भेजकर पूरे क्षेत्र का निरीक्षण कराया जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

**खास बात**

- ग्रामीणों ने उटाए सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

# करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत

**कोरबा।** लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़ उपरोड़ा निवासी सागर मंझवार पिता बिगनी मंझवार एक सप्ताह पहले अपने परिजनों के साथ अपने मामा के घर रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डूमरडीह आया हुआ था। जहां सागर मंझवार 30 जून को अपने अन्य साथी के साथ आवेश कुरैशी ग्राम डूमरडीह के मुर्गी फार्म हाउस में गया हुआ था इस दौरान फार्म हाउस में लगे कुलर के करंट के चपेट में आने से सागर मंझवार की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# डीएसपीएम संयंत्र 5 कर्मचारी सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व के वरिष्ठ पर्यवेक्षक छबीराम साहू, सुरक्षा उपनिरिक्षक धनसाय सिहं आरमों, कार्यालय सहायक श्रेणी-एक त्रिभुवन प्रसाद गुप्ता, संयंत्र सहा. श्रेणी-दो, दरश राम, ड्रेसर राजेश कुमार चौरसिया, माह जून-2026 में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुये। इनके सम्मान हेतु समारोह का आयोजन ए.बी. टाईप आवासीय परिसर स्थित सीनियर क्लब में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम संयंत्र के मुख्य अभियंता संजीव कंसल की अध्यक्षता में एवं अति विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक (पीजीटीआई) एस. के. बंजारा तथा अति. मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत, सुनील सरना, एल.एन. सूर्यवंशी एवं वरि. मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के विशिष्ट आतिथ्य में तथा कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी गण, सेवा निवृत्त हो रहे कर्मचारी के परिवारजनों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं मंचस्थ विशिष्ट अतिथिगण द्वारा सेवानिवृत्ति कर्मियों को पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र एवं कलाई घड़ी, से सम्मानित कर विदाई दी गई। संजीव कंसल ने सेवानिवृत्त हो रहे छबीराम साहू, धनसाय सिंह आरमों, त्रिभुवन प्रसाद गुप्ता, दरश राम, राजेश कुमार चौरसिया के सेवा के बारे में उल्लेख करते हुए कहा कि आप सभीं ने दिये गये सभी दायित्वों को बडी.ही सरलता एवं सहजता के साथ पूर्ण किया है जो कि सराहनीय है।

# जेबीसीसीआई गठन को लेकर संयुक्त मोर्चा ने गेवरा में की गेट मीटिंग

**कोरबा।** कोयला कर्मियो के 11वां वेतन समझौते की मियाद 30 जून को समाप्त हो गई है। यही वजह है कि अब कर्मी 12वें वेतन समझौते को लेकर जेबीसीसीआई के गठन की मांग कर रहे हैं। बुधवार को संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में गेवरा परियोजना के श्रमिक चौक में गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। संयुक्त मोर्चा एचएमएस एटक, इंटक , सीटू गेवरा क्षेत्र के तत्वाधान पर बुघवार को एचएमएस के अध्यक्ष रेशम लाल यादव की उपस्थिति में गेवरा परियोजना के मेन गेट श्रमिक चौक में गेट मीटिंग, धरना प्रदर्शन करते हुए जेबीसीसीआई-12 गठन की मांग कर मांग दिवस मनाया एवं कोल इंडिया प्रबंधन को गेवरा क्षेत्रीय प्रबंधन के माध्यम से जेबीसीसीआई -12 शीघ्र गठन करने के लिए मांग पत्र, ज्ञापन सौंपा गया। गेट मीटिंग प्रदर्शन में बड़ी संख्या में विभागीय कर्मचारी एवं ठेकेदारी कर्मचारी शामिल हुए और कोल प्रबंधन से मांग किये कि कर्मचारियों का वेतन समझौता वार्ता शुरू करने के लिए जल्द से जल्द जेबीसीसीआई का गठन किया जाए ताकि कोल इंडिया के कर्मचारियों को उनका रिवाइज्ड वेतन समय से मिलना शुरू हो जाए। मांग पत्र को गेवरा के क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रबंधक श्रीमती सुधा शिंदे को गेवरा क्षेत्र के संयुक्त मोर्चा एचएमएस, एटक, इंटक, सीटू के पदाधिकारियों ने मांग पत्र ज्ञापन को सौपा। संयुक्त मोर्चा के सभी पदाधिकारियों ने एवं कर्मचारियों ने जेबीसीसीआई-12 का गठन जल्द करो के नारे लगाए।

# भैसमा हायर सेकेंड्री स्कूल को मिली दो मंजिला भवन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा ब्लाक अंतर्गत आने वाले भैसमा तहसील के सबसे पुराने हायर सेकेंडरी स्कूल को अब दो मंजिला भवन की सौगात मिली है। इसकी घोषणा जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के दौरान प्रदेश के श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपने उद्बोधन के दौरान की है। उक्त स्कूल आसपास के 15 से 20 ग्रामों के बीच सबसे बड़ा स्कूल है जहां प्रतिवर्ष दर्ज संख्या बढ़ते जा रही है।

डीएमएफ से नए स्कूल भवनों के साथ पुराने स्कूल भवनों का जीर्णोद्वार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में भैंसमा हायर सेकेंडरी स्कूल की भी तस्वीर बदलने जा रही है। लंबे समय से क्षेत्र का एक मात्र हायर सेकेंडरी स्कूल होने के कारण आसपास के ग्रामीण अंचलों का यह एक मात्र शिक्षा का केंद्र हुआ करता था जहां ग्रामीण अंचलों के छात्र प्रवेश लेते हैं। भैसमा में ही शासकीय कॉलेज संचालित होने के कारण छात्रों की पहली पसंद भैसमा हायर सेकेंडरी स्कूल रहता है वहीं बालक एवं कन्या छात्रावास की सुविधा होने एवं उरगा के नजदीक होने के कारण उक्त स्कूल का अपने आप में महत्वपूर्ण बढ़ जाता है। तहसील कार्यालय होने के कारण भी भैसमा एक शिक्षा के क्षेत्र में प्रमुख स्थान बन चुका है। जिसकी वजह से ग्रामीण अभिभावक भी भैसमा हायर सेकेंडरी में प्रवेश दिलाने इच्छुक रहते हैं। वर्तमान में स्कूल एक मंजिला होने के कारण छात्रों की बैठक व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। 15 सौ के लगभग छात्रों की दर्ज संख्या है। जिसकी वजह से स्कूल भवन के विस्तार की आवश्यकता महसूस हो रही थी। उद्योग मंत्री के घोषणा के बाद भैसमा हायर सेकेंडरी स्कूल को दो मंजिला भवन का रुप दिया जाएगा।




**दर्ज संख्या अधिक होने के कारण भवन की जरुरत**

भैसमा हायर सेकेंडरी स्कूल क्षेत्र का सबसे बड़ा और पुराना भवन है। दर्ज संख्य अधिक होने के कारण नए भवन की जरुरत महसूस हो रही थी। पुराने भवन के उपर ही नए कमरों का निर्माण कर दो मंजिला स्वरुप दिया जाएगा।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ














# मुसाफिर कैफे का टीजर रिलीज रोमांटिक अंदाज में नजर आए विक्रांत

**मुंबई।** अभिनेता विक्रांत मैसी जल्द ही नेटफ्लिक्स की नई रोमांटिक फिल्म 'मुसाफिर कैफे' में नजर आने वाले हैं। बुधवार को निर्माताओं ने फिल्म का टीजर साझा किया। इस फिल्म में विक्रांत के साथ वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना अहम भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 24 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। 'मुसाफिर कैफे' की कहानी भोपाल और मसूरी की खूबसूरत जगहों पर आधारित है। यह तीन ऐसे अजनबियों की कहानी है, जिनकी जिंदगी आगे चलकर एक-दूसरे से जुड़ जाती है। यह फिल्म लेखक दिव्या प्रकाश दुबे के मशहूर उपन्यास पर आधारित है। इसे शरण्य राजगोपाल ने लिखा है और रुचिर अरुण ने निर्देशित किया है।

## लाइफ Style

# आयशा

## मुझे मार दो, किस्सा खत्म करो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

धुरंधर और किस किसको प्यार करूं 2 में नजर आईं एक्ट्रेस आयशा खान ने एक ऐसा दावा किया है, जिसने फैंस को भी चौंका दिया है। आयशा का कहना है कि उन पर किसी ने काला जादू किया और हो सकता है कि वह अभी श्रापित हों।

आयशा ने बताया कि उनके पास एक पार्सल आया। चार दिन से एक शख्स उन्हें फोन कर रहा था और कह रहा था कि उनकी डिलीवरी है। जबकि आयशा के मुताबिक, उन्होंने कुछ ऑर्डर नहीं किया था, और ऐसा कुछ याद भी नहीं था। फिर भी उन्होंने उस डिलीवरी वाले शख्स को घर आने को कहा। उसने आयशा खान को पार्सल दिया। आयशा खान के मुताबिक, उन्होंने डिलीवरी बॉय को मना किया कि पार्सल उनका नहीं है, क्योंकि उन्होंने कुछ ऑर्डर नहीं किया है, पर शख्स ने कहा कि पार्सल उन्हीं के नाम पर है। फिर आयशा ने पार्सल के पैसे पूछे, तो उसने 600 रुपये बताए। आयशा ने पैसे दे दिए और जब पार्सल खोला तो हैरान रह गईं ,क्योंकि अंदर मिट्टी का एक पैकेट था। आयशा ने आर्यमन और योगिता को बताया कि उनके ऊपर किसी ने काला जादू किया है। मिट्टी का पैकेट काले जादू वाला था। वह फिर बोलीं, 'मेरे कहने का मतलब बस इतना है कि अगर आप चाहते हो मेरे पर काला जादू करना चाहते हो, तो आप मुझे थोड़ी सी तकलीफ मत दो। मुझे सीधा ही मार दो। आप मेरा किस्सा ही खत्म करो। मैं भी जाऊं, आपका भी काम हो ये सब थोड़ा थोड़ा करके मत करो। हो



## हॉलीवुड मसाला




# बाल्ड लुक में नजर आए जॉन

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर और पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन जॉन सीना ने अपने हेयर ट्रांसप्लांट ट्रीटमेंट के दूसरे राउंड के बाद सिर मुंडवाकर फैंस को चौंका दिया। एक्टर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर डॉक्टर के साथ मुस्कुराते हुए एक फोटो पोस्ट की और अपने हेयर रेस्टोरेशन प्रोसीजर के बारे में बताने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। जॉन सीना ने दूसरा फॉलिक्युलर यूनिट एक्सट्रैक्शन प्रोसीजर करवाने के बाद एक्स पर एक तस्वीर पोस्ट की। इस अपडेट को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, एफयूई ट्रीटमेंट का दूसरा राउंड और इस बार मैंने सबसे अच्छे रिजल्ट के लिए पूरी कोशिश की।



# अल्फा से हटाए गए चाकू गोदने वाले सीन

**मुंबई।** यश राज फिल्म्स की आने वाली स्पाई थ्रिलर 'अल्फा' में आलिया भट्ट और शर्वरी लीड रोल्स में हैं। फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज होने से पहले सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से मंजूरी मिल गई है, लेकिन हमेशा की तरह सेंसर बोर्ड को कुछ सीन्स में आपत्ति भी थी, जिसमें उन्होंने बदलाव के लिए कहा है। बात करें सेंसर बोर्ड को आपत्ति की, तो धुरंधर और बंगाल फाइल्स जैसी फिल्मों के हिंसक सीन्स से बोर्ड को कोई दिक्कत नहीं थी जबकि भर-भरके इन फिल्मों में ऐसे सीन थे। लेकिन, अल्फा के चाकू से हमले पर आपत्ति हो गई और ऐसे सीन्स पर कैंची भी चल गई। इंग्लिश सबटाइटल वाली इस फिल्म 'अल्फा' के हिंदी वर्जन को यूए16+ सर्टिफिकेट दिया गया है। फिल्म का मंजूर किया गया रनटाइम 140 मिनट और 48 सेकंड (2 घंटे, 20 मिनट और 48 सेकंड) है।



# एक्शन अवतार में दिखीं नयनतारा

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर के बाद अब यश की टॉक्सिक धमाका करने वाली है। लंबे समय से फिल्म का इंतजार हो रहा है। इस बीच फिल्म का के नया टीजार आ गया है जिसमें फिल्म की 5 लीडिंग हीरोइन के लुक से पर्दा हटा दिया गया है। इस डेढ़ मिनट से ज्यादा के टीजर में कियारा अडवानी का खूबसूरत अवतार, नयनतार का एक्शन, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुकमनी वसंत को देखा जा सकता है। साथ ही यश को औरतों के साथ एक्शन सीक्वेंस करते देखा जा सकता है। इस टीजर को 1 घंटे के समय में लाखों लोगों ने देख लिया है। यश स्टारर टॉक्सिक का टीजर 1.41 मिनट का है जिसमें फिल्म की पांचों लीडिंग लेडीज के जलवे दिखाए गए हैं। टीजर का टाइटल है 'लेडीज एंड लेडीज'। टीजर की शुरुआत यश के लव मेकिंग सीन से होती है।



# टेलर की शादी में खर्च होंगे 189 करोड़ रुपए

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया की सबसे मशहूर, सबसे सफल और सबसे अमीर सिंगर टेलर स्विफ्ट शादी कर रही हैं। मैडिसन स्क्वायर गार्डन में वह ट्रैविस केल्स के साथ कथित तौर पर जुलाई के पहले वीकेंड में विवाह करने वाली हैं। यह कपल शादी की रस्मों और तैयारियों को गुप्त रखने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। अनुमान है कि मैडिसन स्क्वायर गार्डन में टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की कथित शादी पर $10 मिलियन से $20 मिलियन के बीच खर्च आएगा। भारतीय रुपए में यह 94.72 करोड़ से 189.52 करोड़ की भारी-भरकम लागत है। इस खर्च का बड़ा हिस्सा शादी के सेटअप, डेकोरेशन, वेन्यू बुकिंग और खाने-पीने पर खर्च होने वाला है। शादी की तैयारी के लिए मैनहट्टन शहर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बताया जाता है इस दौरान पूरे वीकेंड शहर की कई सड़कों को बंद करने की अनुमति मांगी गई है।

## टीवी मसाला



# लॉकअप सीजन 2 में लौट रहीं क्वीन वीकेंड पर आएगा सबसे बड़ा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाला विवादित रियलिटी शो 'लॉकअप सीजन 2' पहले दिन से ही चर्चा बटोर रहा है। राम कपूर की बयानबाजी से लेकर आकांक्षा चौधरी और श्रेया कालरा के बीच झगड़ा लगातार ऑडियंस का ध्यान खींच रहा है। हालांकि, इस बीच ही अब शो की पुरानी होस्ट लॉकअप सीजन 2 में धमाल मचाने आ रही हैं, जहां वो ऐसे-ऐसे ट्विस्ट लेकर आने वाली हैं, जिसे जानकर कंटेस्टेंट के पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। फराह खान और रितेश देशमुख भले ही लॉकअप सीजन 2 के जेलर बने हैं, लेकिन कंगना रनौत ओजी हैं। अब विवादित रियलिटी शो में ओरिजिनल क्वीन लौट रही हैं, तो धमाका होना तो लाजमी है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंगना रनौत रियलिटी शो में 'जनता की आवाज' बनकर आ रही हैं। कंगना रनौत ने भी सेकंड सीजन के एक एपिसोड में लौटने की खुशी व्यक्त करते हुए कहा, "यह शो हमेशा से ही अपने सच को स्वीकार करने के बारे में था, चाहे फिर आप कितने भी अनकंफर्टेबल हो। लॉकअप: सच या सजा फर्स्ट टर्मिनेशन' के वीकेंड एपिसोड में मैं फराह खान और रितेश देशमुख के साथ आ रही हूं। मैं बस यही कह सकती हूं कि हर च्वाइस की एक कीमत होती है।" अब वह कीमत नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स का टर्मिनेशन है या फिर क्या ट्विस्ट आएगा, ये तो वीकेंड पर पता चलेगा। लॉकअप के सीजन 2 में पहले हफ्ते का टर्मिनेशन का वक्त आ चुका है। शो के इस हफ्ते के सुरक्षित टॉप 3 कंटेस्टेंट्स हर्षद चोपड़ा, आकांक्षा चमोला और सुनीता आहूजा ने मिलकर जिन पांच कंटेस्टेंट्स को खतरे में डाला है, उनमें श्रेया कालरा, सूफी मोतीवाला, श्रेष्ठा अय्यर, माधुरी ग्रोवर और रियाज अली का नाम शामिल हैं।

## कश्मीरा ने मेरे पैर पर गिरकर माफी मांगी : सुनीता

**नई दिल्ली।** गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इन दिनों शो लॉकअप में नजर आ रही हैं। शो में सुनीता ने अब अपने परिवार यानी कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा शाह को लेकर बात की। सुनीता ने बताया कि वह 14-15 साल बाद दोनों से मिलीं कुछ दिनों पहले और कश्मीरा ने उनके पैर पर गिरकर माफी मांगी थी। सुनीता ने शो में कहा, 'लाफ्टर शेफ पर मैं गई न तो कृष्णा और मेरा पैचअप हो गया 14-15 साल बाद। मैंने उसके बच्चे को भी नहीं देखा था, वो अब 9 साल के हो गए हैं जबकि मैंने कृष्णा को तो पाला था। लेकिन कश्मीरा के बारे में बता दूं कि वह बहुत स्वीट है। उसने पैर पर गिरकर रो-रोकर माफी मांगी। मैं भी रोने लगी थी क्योंकि 14 साल बाद मैं उनसे मिली और उन्हें देखा। कश्मीरा मेरे पैरों पर थी और कहा सॉरी मेरे से गलती हो गई।




# काम मिलेगा या नहीं, अपनी क्षमताओं को लेकर इनसिक्योर हैं अभिषेक

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में 26 साल पूरे किए हैं। उनकी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' 2000 में रिलीज हुई थी और इसी फिल्म से करीना कपूर ने भी एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। हाल ही में एक बातचीत में अभिषेक ने अपने सफर को याद किया और बताया कि कैसे इतने साल में एक एक्टर के तौर पर उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। अभिषेक ने एक एक्टर के तौर पर खुद में आए सबसे बड़े बदलाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बस एक ही बदलाव आया है कि अब मैं ज्यादा कम्फर्टेबल महसूस करता हूं। मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तो थोड़ी असहजता थी। लेकिन, अब कैमरे के सामने मैं ज्यादा कम्फर्टेबल रहता हूं। जब आप जैसे हैं वैसे ही रहते हैं और खुद में सहज महसूस करते हैं, तो आपको उन फैसलों के बारे में स्पष्टता मिलती है जो आपको लेने होते हैं।



आज मैं बहुत स्पष्ट हूं या यूं कहूं कि पिछले पांच से सात साल से कि किसी खास समय पर मुझे क्या नहीं करना है। कॅरियर की शुरुआत में बहुत उत्साह होता है और काम मिलेगा या नहीं, इसे लेकर असुरक्षा भी होती है। इसलिए जो भी काम मिलता है, आप उसे कर लेते हैं। अभिषेक ने उन इनसिक्योरिटीज के बारे में भी बात की जिनका सामना अक्सर एक्टर्स को करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि उन्हें अपने साथियों की सफलता को लेकर कभी असुरक्षा महसूस क्यों नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मैं क्लियर होता हूं कि मुझे यह नहीं करना है। इसका मतलब है कि मैं निश्चित रूप से यह करना चाहता हूं। इसलिए, इसमें बहुत ज्यादा पक्का इरादा होता है और यह एक तरह की परिपक्वता और शांति से आता है। मुझे लगता है कि इससे आपके काम में भी मदद मिलती है। अब हम हर जगह नहीं भटकते। मैं कभी भी इस बात को लेकर इनसिक्योर एक्टर नहीं रहा कि 'वह क्या कर रहा है'।

हर प्रेमी का फेवरेट है पुराना रोमांटिक सॉन्ग, राज कपूर पर फिल्माया गया था गीत

# 60 सालों से कल्ट क्लासिक बना हुआ है मुकेश का ये गाना...

**नई दिल्ली।** मुकेश हिंदी सिनेमा के उन चुनिंदा गायकों में से एक थे, जो आजाद भारत से पहले सिनेमा की आवाज बने थे। उन्होंने अपने शानदार सिंगिंग करियर में एक से बढ़कर एक गीत को आवाज दी थी। आज भी उनके द्वारा गाए गए नगमों को श्रोता खूब सुनना पसंद करते हैं। इस आधार पर हम आपको मुकेश के एक कल्ट क्लासिक सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 60 सालों से प्यार की परिभाषा बयां कर रहा है। आइए जानते हैं कि यहां कौन से गीत के बारे में जिक्र किया जा रहा है।

### राज कपूर -मुकेश की जोड़ी

1945 में बतौर गायक मुकेश ने अपनी नई पारी का आगाज किया। हालांकि, वह सिनेमा जगत में एक्टर बनने आए थे, लेकिन कुछ मूवीज को करने के बाद उन्हें पता लग गया था कि एक्टिंग में उनका भला नहीं हो सकता। अभिनेता राज कपूर संग मुकेश की जोड़ी काफी हिट रही थी और उन्होंने राज साहब के लिए कई यादगार गीत भी गाए। उनमें से एक सॉन्ग रहा- सजन रे झूठ मत बोलो...



### शैलेंद्र ने लिखा था गीत

राज कपूर और वहीदा रहमान स्टारर फिल्म तीसरी कसम का ये गाना आज भी कल्ट माना जाता है। रोमांटिक सॉन्ग के तौर पर प्यार में पड़ा हर शख्स इसे सुनना पसंद करता है। साल 1966 में आई तीसरी कसम फिल्म की सफलता में मुकेश के सजन रे झूठ मत बोलो... गाने ने अहम योगदान दिया था। गौर किया जाए तीसरी कसम के सजन रे झूठ मत बोलो गाने की मेकिंग की तरफ तो इस गीत को मुकेश की गायिकी के अलावा संगीतकार शंकर-जय किशन की जोड़ी ने अपनी धुनों से तैयार किया, जबकि सॉन्ग के लिरिक्स को गीतकार शैलेंद्र ने अपनी कलम से लिखा था। इस तरह से मुकेश का सजन रे झूठ मत बोलो... बनकर तैयार हुआ।

### एक्टर के तौर पर शुरू किया था कॅरियर

बतौर गायक मुकेश करीब 3 दशक तक सिनेमा जगत में एक्टिव रहे। इस दौरान उन्होंने 1300 से अधिक गानों को अपनी आवाज दी थी। अन्य सिंगर्स की तुलना में ये संख्या कम इस वजह से लगती है, क्योंकि मुकेश का शुरुआती कॅरियर एक एक्टर के तौर पर शुरू हुआ था, ना कि एक गायक के रूप में।

## हॉलीवुड-मूवीज भी दिखाएंगी दम, बॉलीवुड में मिलेगा एक्शन-कॉमेडी का डबल डोज

# इस माह होगी फिल्मों की बारिश, अल्फा से लेकर धमाल 4 तक जमाएंगी रंग

*नई दिल्ली। कभी रिमझिम फुहार, तो कभी झमाझम बारिश होगी, कभी सिर्फ टिप-टिप करके पानी बरसेगा। यह सारे नजारे जुलाई के महीने में देखने को जब-तब मिल जाएंगे। सिनेमाघरों में भी फिल्मों की बारिश जुलाई महीने में भरपूर होगी, कहने का मतलब है कि कई फिल्में थिएटर में रिलीज होंगी। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और साउथ तक के बड़े स्टार की फिल्में दर्शकों को एंटरटेन करने की कोशिश करेंगी।*

**अल्फा**: आलिया भट्ट और शरवरी वाघ स्टारर और शिव रावल निर्देशित स्पाई ड्रामा और एक्शन से भरपूर फिल्म 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म में बॉबी देओल और अनिल कपूर जैसे एक्टर्स भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

**बेबी डू डाई डू**: हुमा कुरैशी की फिल्म 'बेबी डू डाई डू' भी 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में हुमा कुरैशी का अलग अंदाज दर्शकों को देखने को मिलेगा। वह एक फीमेल किलर का रोल कर रही हैं। फिल्म को नचिकेत सामंत ने निर्देशित किया है।

**धमाल 4**: इंद्र कुमार निर्देशित और अजय देवगन स्टारर फिल्म 'धमाल 4' भी थिएटर में दस्तक देगी। इसमें एक बड़ी स्टार कास्ट मौजूद है। अपनी कॉमेडी के लिए यह फ्रैंचाइज जानी जाती है। इस बार देखना होगा ये दर्शकों को हंसा पाते हैं या नहीं। यह फिल्म 10 जुलाई को थिएटर में रिलीज होगी।



### द इंडिया स्टोरी

श्रेयस तलपदे स्टारर फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' 24 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म को चेतन डीके ने निर्देशित किया है। फिल्म में काजल अग्रवाल भी हैं। बड़ी फिल्मों के अलावा कुछ अलग कहानी कहती बॉलीवुड फिल्में भी जुलाई में रिलीज होंगी। इसमें 'उत्तर दा पुतर' और 'तेरा यार हूं मैं' 24 जुलाई को रिलीज होंगी।

## साउथ फिल्में भी मचाएंगी धमाल

*बॉलीवुड फिल्मों के अलावा साउथ की फिल्में भी पैन इंडिया लेवल पर रिलीज होंगी। कई फिल्मों की चर्चा भी सोशल मीडिया पर हो रही है।*

**नागबंधम** : यह फिल्म 3 जुलाई 2026 को देश और दुनिया भर के थिएटर में रिलीज होगी। विराट कर्णा और नाभा नतेश स्टारर यह एक माइथोलॉजिकल एक्शन एडवेंचर फिल्म है। इसे तेलुगु, तमिल और हिंदी सहित कई भाषाओं में रिलीज किया जा रहा है। इस फिल्म के डायरेक्टर अभिषेक नामा हैं।

**राव बहादुर**: वेंकटेश महा निर्देशित फिल्म 'राव बहादुर' भी 3 जुलाई को रिलीज होगी। इस तेलुगु साइकोलॉजिकल ड्रामा फिल्म में सत्यदेव लीड रोल में हैं।




**विश्वम्भरा**: मेगास्टार चिरंजीवी की यह फिल्म 10 जुलाई को रिलीज होगी। इसे मल्लीदी वशिष्ठ ने निर्देशित किया है। फिल्म में तृषा कृष्णन, कुणाल कपूर और आशिका रंगनाथ जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

**लेनिन**: अखिल अक्किनेनी और भाग्यश्री बोर्से की तेलुगु एक्शन फिल्म 'लेनिन' 10 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म को मुरली किशोर अब्बुरु ने डायरेक्ट किया है।

## खबर संक्षेप

### नवनिर्मित मंदिर में विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन आज से

**बलौदा।** जैन समाज बलौदा द्वारा नव निर्मित मंदिर में 1008 जिनबिम्ब स्थापना, बेदी प्रतिष्ठा,



कलशारोहण एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन शुक्रवार 3 जुलाई से प्रारंभ होगा। बाल ब्रह्मचारी प्रतिष्ठाचार्य अभय के सानिध्य में समस्त कार्यक्रम होगा। प्रथम दिवस 3 जुलाई प्रातः 6.45 शोभायात्रा, तत्पश्चात जिनालय से घट यात्रा एवं शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल तक, प्रातः 8.30 बजे ध्वजारोहण मंडप उद्घाटन, मंडप शुद्धि सकली करण, मंडप प्रतिष्ठा, अभिषेक एवं पूजन, दोपहर 1 बजे से याग मंडल विधान होगा। द्वितीय दिवस 4 जुलाई प्रातः 5.45 बजे से अभिषेक शांतिधारा, पूजन पश्चात घटयात्रा कार्यक्रम स्थल से जिनालय तक दोपहर 1 बजे याग मंडल विधान नवीन जिनालय में, रात्रि 7.00बजे से महाआरती शोभायात्रा, पुण्यार्जक परिवार के घर से कार्यक्रम स्थल तक, आरती प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम। होगा। तृतीय एवं अंतिम दिवस 5 जुलाई प्रातः 6 बजे से अभिषेक पूजन हवन, श्री जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात नवीन जिनालय में जिन बिंब स्थापना कलशारोहण, ध्वज दंड स्थापना महा मस्तकाभिषेक और हवन होगा।

### ज्ञानदीप स्कूल में मनाया गया वन महोत्सव



**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानदीप विद्यालय में वन महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं शिक्षक गणों ने विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां एवं वनो के महत्व पर जागृत संदेश भी दिया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी देव कश्यप ने अपने संबोधन में कहा की परीक्षा हमारे जीवन का आधार है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी नियमित देखभाल भी करनी चाहिए। हरित पर्यावरण स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की पहचान है । संस्था पर आचार्य डॉ अखिलेश कटकवार ने वन की पौधारोपण की आवश्यकता को आवश्यक बताया तथा यह मानव जीवन या मानव सभ्यता के लिए अनिवार्य होना बताया आज के युग में बढ़ते हुए वायुमंडल के तापमान जैसा कि अभी फ्रांस आदि देशों में हो रहा है इसका एकमात्र कारण वनों की कमी होना बताया। उन्होंने बताया कि हमें समय रहते इस ओर ध्यान देकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु जन सहयोग सहभागिता का उपयोग करते हुए वृक्षारोपण करना चाहिए। मानव जीवन के लिए वन अत्यंत ही आवश्यक एवं अनिवार्य है। अंत में सभी स्वयंसेवकों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया।

### एमआईसी ने 35 करोड़ के निर्माण सहित अन्य कार्यों को दी स्वीकृति

**कोरबा।** महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में आयोजित निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक में 35 करोड़ रूपये के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो, निगम के सातों जोन के साफ-सफाई कार्यो सहित अन्य विविध कार्यो को स्वीकृति प्रदान की गई, वहीं महापौर श्रीमती राजपूत ने बैठक के दौरान निगम के विभिन्न प्रगतिरत, स्वीकृत व प्रस्तावित विकास व निर्माण कार्यो तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुडे.अन्य कार्यो की कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा कार्यो में कसावट लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। निगम में आयोजित एमआईसी की बैठक में निगम के विभिन्न वार्डो में प्रस्तावित महत्वपूर्ण विकास व निर्माण कार्यो की स्वीकृत के साथ-साथ विभिन्न नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुडे.कार्यो सहित निगम के अन्य विविध कार्यो से जुडे.प्रस्तावों पर मेयर इन काउंसिल ने सर्वसम्मति से अपनी मुहर लगाई। बैठक के दौरान पं.रविशंकर शुक्लनगर विस्तार के अंतर्गत निर्मित आवासीय भवनों के व्ययन से जुड़े प्रस्ताव की स्वीकृति एमआईसी द्वारा प्रदान की गई। इसी प्रकार निगम के भवन निर्माण कार्यो, नाली एवं सड़क निर्माण से जुडे.कार्यो, बीटी सड़क से जुडे.कार्यो को स्वीकृत दी गई। बैठक के दौरान निगम के कोरबा जोन, टीपीनगर जोन, कोसाबाड़ी जोन, पं.रविशंकर शुक्लनगर जोन, बालको जोन, दर्री व सर्वमंगलानगर जोन अंतर्गत स्थित विभिन्न वार्डो में ठेके पर साफ-सफाई कार्य कराये जाने की स्वीकृति भी एमआईसी द्वारा प्रदान की गई।

## निधन

### फागूलाल श्रीवास

**जैजैपुर।** ग्राम पंचायत गुचकुलिया के प्रतिष्ठित



नागरिक फागू लाल श्रीवास का आकस्मिक निधन हो गया। वे 50 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तीधाम में हुआ। मुखाग्नि पुत्र खगेश श्रीवास ने दी। स्व. श्रीवास अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है।

125 दिन का रोजगार और 300 रूपए मजदूरी से मिलेगी श्रमिकों को नई मजबूती

# विकसित भारत जी राम जी योजना से गांव होंगे आत्मनिर्भर : सत्यलता

**सोनाईडीह में हुआ जन सम्मेलन, गांवों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने लिया संकल्प**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विकसित भारत जी राम जी योजना राष्ट्रीय स्तरीय जन सम्मेलन-सह-शुभारंभ कार्यक्रम का आंध्र प्रदेश के तिरुपति से आयोजित राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से जिले में सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारतदूजी राम जी का शुभारंभ किया। वही जिला स्तरीय जन सम्मेलन-सह-शुभारंभ बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम पंचायत सोनाईडीह में किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, ग्रामीणों एवं बड़ी संख्या में श्रमिकों ने भाग लिया।





कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करती जिला पंचायत अध्यक्ष।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि आज हम इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के सहभागी बने हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा है कि गांव-गांव का समग्र विकास हो तथा अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे। इसी उद्देश्य से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना अब साकार हो रहा है। जनभागीदारी, जागरूकता और सभी के सहयोग से इस अभियान को आगे बढ़ाना है। पहले रोजगार गारंटी योजना के तहत 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाता था, जबकि अब विकसित भारत जी राम जी योजना के माध्यम से 125 दिनों का रोजगार तथा 300 रुपए प्रतिदिन की मजदूरी उपलब्ध कराई जा रही है। इससे ग्रामीण परिवार आर्थिक रूप से सशक्त होंगे और गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि योजना का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। जल संरक्षण, जल संचयन एवं अन्य टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होने के साथ-साथ गांवों में स्थायी विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि गांव का विकास गांव के लोगों के सहयोग से ही संभव है और प्रत्येक नागरिक की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोहन कुमारी साहू ने कहा कि गांवों के विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। विकसित भारत जी राम जी योजना के माध्यम से ग्रामीणों को 125 दिवस का रोजगार मिलेगा तथा गांवों में विकास कार्यों को गति मिलेगी, जिससे पलायन की स्थिति में कमी आएगी और ग्रामीणों को अपने गांव में ही रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मनीषा चौहान ने कहा कि योजना के माध्यम से प्रत्येक गांव को प्राथमिकता के साथ विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। योजना के अंतर्गत आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में के.के. चंद्रा, श्रीमती रूपा सिंह देव, श्रीमती उत्तरा सिदार, श्रीमती अमिता लहरे, सुरेश साहू, गोकुल जायसवाल ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा गांवों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण नागरिक, महिलाएं एवं श्रमिक उपस्थित रहे।



कीचड़ से सराबोर मार्ग।

## समतला तालाब जाने वाला मार्ग कीचड़ से सराबोर, आवागमन में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

ग्राम पंचायत बिर्रा के दाऊ मोहल्ला से समतला तालाब की ओर जाने वाला मार्ग कीचड़ से सराबोर हो गया है। ऐसे में इस मार्ग से होकर आने जाने वाले ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत सबसे बड़ा राजस्व आय देने वाला ग्राम पंचायत बिर्रा के दाऊ मोहल्ला से समतला तालाब की ओर जाने वाला मार्ग बहुत ज्यादा खराब हो गया है। मार्ग में पूरी तरह कीचड़ से सराबोर है। समतला तालाब की ओर नहाने धोने और दिनचर्या के कार्य करने के लिए जाने वाले खासकर छोटे-छोटे स्कूली बच्चे, बूढ़े, किसानों और मोहल्ले वासी ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूरा गली कीचड़ से लथपथ है, जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। लोगों को होने वाली परेशानी से जिम्मेदार पंचायत को भी कोई सरोकार नहीं है। इस मार्ग में जगह-जगह पानी भरा है। ईंट-पत्थर भी उखड़े पड़े हैं, फिसलने का खतरा बना हुआ है। दोनों तरफ घर हैं, रोजाना इसी रास्ते से बच्चे-बुजुर्ग, महिलाएं आती-जाती हैं। मुकेश कुमार साहू एवं ग्रामीणों ने इस मार्ग को प्राथमिकता के साथ बनवाने के लिए पंचायत पदाधिकारी को कई बार जानकारी दे चुके हैं, बावजूद इस मार्ग की हालत जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने बारिश में होने वाली परेशानी को देखते हुए कम से कम मुरुम या डस्ट जीरा डलवा की मांग की है कि ताकि लोगों को राहत मिल जाएगी।

### सहकारी सप्ताह अंतर्गत मुलमुला में हुआ पौधरोपण, पेक्स का किया भ्रमण



**जांजगीर-चांपा।** सहकारी सप्ताह के अंतर्गत सेवा सहकारी समितियों में चल रहे ब्लाक स्तर पर पेक्स भ्रमण एवं पौधरोपण कार्यक्रम सेवा सहकारी समिति मुलमुला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पामगढ़ ब्लाक के प्राधिकृत अधिकारी सुखराम मधुकर,भरत कश्यप, जवाहर लाल जाहिरे धनजीत सिंह,चन्दराम कश्यप, रोहणी पटेल, मंडल अध्यक्ष विश्वनाथ यादव मुलमूला सरपंच बल्ला सिंह,कोनार सरपंच नरेन्द्र जोशी जनपद सदस्य प्रतिनिधि सन्नी यादव तथा किसानों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर पामगढ़ ब्रांच मैनेजर भूपेंद्र ठाकुर मुलमूला ब्रांच मैनेजर राजेश पांडे सहकारिता विस्तार अधिकारी के के राठौर, संस्था प्रबंधक त्रिलोकी कांत, आपरेटर घनश्याम सिंह कोमल सिंह पुष्पराज सिंह सोसायटी के सदस्य दीवान सिंह सिक्कू सिंह उपस्थित थे।

## पैरा पुटू उगाने की तकनीक सीख रहीं कृषि और पशु सखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में जिले के ग्रामीण क्षेत्र में कृषि और पशुपालन को लेकर काम कर रहीं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की क्रेडर कृषि सखी और पशु सखियों को कृषि अवशेष

■ आरसेटी में 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

से मशरूम अर्थात पैरा पुटू उगाने की उन्नत तकनीक संस्थान के निदेशक ललित कुमार हेमरम के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव द्वारा सिखाया जा रहा है। इसी तरह बैंकिंग के बारे में फेकेल्टी अरुण पाण्डेय व उत्तम राठौर के द्वारा जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी जा रहीं है।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव ने बताया कि अवशेष (पराली) से मशरूम उगाने की तकनीक,धान, गेहूं, जौ मक्का की पराली कृषि अवशेष हैं। इनका उपयोग करके सबसे आसानी से ऑयस्टर मशरूम उगाया जा सकता है। इससे पराली जलाने की आवश्यकता कम होती है और अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव ने मशरूम उत्पादन में लगने वाली आवश्यक सामग्री के बारे में बताया। इसके अलावा उन्होंने मशरूम उत्पादन में सावधानियां के बारे में बताया कि हमेशा अच्छी गुणवत्ता का स्पॉन उपयोग करें। कमरा साफ और स्वच्छ रखें। तापमान और नमी का संतुलन बनाए रखें। पराली से मशरूम उत्पादन के लाभ के बारे में बताया कि पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण में कमी होगी और कृषि अवशेष का बेहतर उपयोग। कम लागत में अतिरिक्त आय होगा। इसी तरह पैरा पुटू उत्पादन की आधुनिक तथा उन्नत तकनीक के बारे में जानकारी दी गई।



प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित कृषि व पशु सखियों को जानकारी देते मास्टर ट्रेनर।

## नगर पालिका अकलतरा में नियुक्त गए किए गए पांच एल्डरमैन

**अकलतरा।** राज्य शासन द्वारा नगरीय प्रशासन की अनुशंसा पर अकलतरा नगर पालिका परिषद के लिए पांच एल्डरमैनों की नियुक्ति की है। शासन ने नगर के श्रीमती भारती देवांगन, प्रशांत सिंह बैस, श्यामाचरण चौधरी, शिव अहिरवार एवं संतोष दुबे को नगर पालिका परिषद का एल्डरमैन नियुक्त किया है। नवनियुक्त सभी एल्डरमैनों ने अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार, भारतीय जनता पार्टी संगठन तथा छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। नगरपालिका में एल्डरमैन नियुक्त किए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल है। एल्डरमैनों ने कहा कि वे नगर पालिका परिषद में सकारात्मक, रचनात्मक एवं जनहितैषी भूमिका निभाते हुए नगर के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने नगर की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए परिषद के साथ समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देने का संकल्प व्यक्त किया।

## लायंस क्लब ने किया डॉक्टरों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा के द्वारा डॉक्टर्स-डे के अवसर पर लायन भवन चांपा में सम्मान समारोह आयोजित कर नगर के प्रतिष्ठित, अनुभवी, विशेषज्ञ डाक्टरों का सम्मान किया गया। इस दौरान उन्हें पुष्प गुच्छ एवं पुष्प माला अर्पित कर तथा उपहार स्वरूप श्रीफल व मेवा पैकेट भेंट किया गया।

**खास बात**

■ डॉक्टर डे के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

इस अवसर पर डॉक्टर व्ही के अग्रवाल शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर के पी राठौर शिशु एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर जी पी दुबे पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी, डॉक्टर श्रीमती शरद बिरथरे स्त्री एवं प्रस्तुति रोग विशेषज्ञ , डॉक्टर विश्वनाथ बिरथरे जनरल फिजिशियन, डाक्टर योगेंद्र शर्मा जनरल फिजिशियन , डॉक्टर अतुल राठौर स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ , डॉक्टर धनेश्वरी जागृति दंत रोग विशेषज्ञ , को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में लायंस क्लब चांपा के अध्यक्ष एमजेएफ लायन संतोष कुमार सोनी (अधिवक्ता ) (जोन चेयरपर्सन), लायन राजेश अग्रवाल रीजन चेयरपर्सन, लायन वासुदेव चंद देवांगन सचिव, लायन राजेश अग्रवाल के सी कोषाध्यक्ष, लायन रामप्रपन्न देवांगन चेयरमैन लायंस एजुकेशनल सोसायटी, एमजेएफ डॉक्टर संतोष कुमार अग्रवाल, लायन विनोद कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन क्लब अध्यक्षतथा आभार प्रदर्शन क्लब सचिव ने किया ।



कार्यक्रम में डॉक्टरों को सम्मानित करते लायंस क्लब के पदाधिकारी।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सक्ती नगर इकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। परिषद के संगठनात्मक विस्तार, छात्रहित एवं राष्ट्रनिर्माण के उद्देश्यों को गति प्रदान करने हेतु विभिन्न दायित्वों पर कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की गई। इसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बराद्वार नगर के नगर मंत्री नितेश साहू एवं नगर सहमंत्री सोमेश चंद्रा की उपस्थिति में नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

घोषित कार्यकारिणी में सुजल राठौर को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। वहीं हिमांशु राठौर, दीपक राठौर, हरीश दूबे, हिमांशु प्रेम राठौर को नगर सह मंत्री, योगेश चंद्रा कार्यालय प्रमुख, प्रकाश जयसवाल नगर महाविद्यालय प्रमुख, धीरज जयसवाल सोशल मीडिया संयोजक, रोशन राठौर सोशल मीडिया सह संयोजक, विनय राठौर एसएफडी संयोजक, हरीश राठौर एसएफडी सह संयोजक, सूर्या सोनी आरकेएम संयोजक, सुरजीत यादव आरकेएम सह संयोजक, शिवम राठौर एसएफएस संयोजक, चमन राठौर एसएफएस सह संयोजक, संजय देवांगन खेलो भारत प्रमुख, सौरभ पटेल खेलो भारत सहसंयोजक, रौनक यादव नगर द्यालय प्रमुख, हर्ष गबेल नगर विद्यालय सहसंयोजक नियुक्त किया गया। उपस्थित अभाविप प्रमुख सदस्यों व अतिथियों ने सुनहरे कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए छात्रहित में सदैव पूर्ण निष्ठा से कार्य करने की बात कही।



कार्यक्रम में उपस्थित अभाविप पदाधिकारी।

## डॉक्टर उपचार के साथ स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य करते हैं प्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

दिल्ली पब्लिक स्कूल में 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे एवं सीए डे मनाया गया। अमंत्रित अतिथि के रुप में छत्तीसगढ़ में प्रथम तथा देश में 23 वां स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालय की पूर्व छात्रा वंशिका अग्रवाल एवं डीपीएस की एक और पूर्व छात्रा डॉ. सत्या सोनी उपस्थित थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अपने संबोधन में सी.ए. वंशिका अग्रवाल ने विद्यार्थियों को चार्टर्ड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में कैरियर की असीम संभावनाओं, वित्तीय अनुशासन, ईमानदारी एवं राष्ट्र निर्माण में सी.ए. की महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया। वहीं डॉ. सत्या सोनी ने चिकित्सा सेवा को मानवता की सर्वोच्च सेवा बताते हुए कहा कि डॉक्टर केवल रोगों का उपचार ही नही करते, बल्कि समाज को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य भी प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सेवा-भाव, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि ''डॉक्टर और चार्टर्ड अकाउंटेंट समाज के दो ऐसे सशक्त स्तंभ हैं, जिनकी निष्ठा, ईमानदारी और सेवा राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। विद्यार्थियों को इनसे प्रेरणा लेकर ज्ञान, संस्कार, अनुशासन और उत्कृष्टता को अपने जीवन का लक्ष्य बनाना चाहिए। इसके पूर्व छात्रा शुभी गर्ग ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। छात्रा अदिति पाण्डेय एवं आर्यवीर सिंह ने अपनी मधुर एवं भावपूर्ण आवाज़ में गीत प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों एवं श्रोताओं को भाव विभोर किया। तत्पश्चात विद्यालय प्रबंधन द्वारा उपस्थित अतिथियों को स्मृति-चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा चैतन्या सिंह एवं नम्रता अग्रवाल ने किया।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं विधि के छात्र-छात्राएं।

